**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**TERM-1 EXAMINATION (2023-24)**
**HINDI**

**CLASS: VIII** | **MAX MARKS: 80**
**DATE: 24/09/2023** | **TIME: 3 HOURS**

---

**सामान्य निर्देश :**
**1.इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ ।**
**2.चारों खंडों के उत्तर देना अनिवार्य है ।**
**3.इस प्रश्न पत्र में कुल 13 प्रश्न हैं ।**
**4.प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।**

---

## खंड – क (अपठित गद्यांश)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (10)**

**'परिश्रम ही सफलता की कुंजी है' अर्थात परिश्रम से ही सारे कार्य सफल होते हैं, केवल मन में इच्छा करने मात्र से नहीं। सफलता पाने के लिए मनुष्य को परिश्रम करना बहुत आवश्यक है। मनुष्य ने परिश्रम के बल पर इस धरती को स्वर्ग समान सुंदर बनाया है। विश्व में गगनचुंबी इमारतें, नदियों पर बने बड़े-बड़े पुल, सुंदर नगर, कल-कारखाने मोटर गाड़ियाँ, रेल, वायुयान आदि मानव के परिश्रम के ही परिणाम है, जो उसके परिश्रमी स्वभाव का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। परिश्रम से व्यक्ति अपनी उन्नति करता है, जिससे समाज एवं राष्ट्र उन्नति की ओर बढ़ते हैं। जिस किसी भी देश एवं समाज ने उन्नति की है, उसमें उसके परिश्रमी नागरिकों का सर्वाधिक योगदान है। हाथ-पैर हिलाने पर ही कुछ पाया जा सकता है, उदास या निराश होकर बैठ जाने से नहीं। निरंतर परिश्रम व्यक्ति को चुस्त-दुरुस्त रखकर सजग तो बनाता ही है, निराशाओं से दूर रख आशा-उत्साह भरा जीवन जीना भी सिखाया करता है।**

**प्रश्न**

**(क) जीवन में सफलता कैसे प्राप्त की जा सकती है ?**

**(ख) परिश्रम व्यक्ति को कैसा जीवन जीना सिखाता है ?**

**(ग) 'परिश्रम ही सफलता की कुंजी है' से क्या तात्पर्य है ?**

**(घ) मानव के परिश्रमी स्वभाव का प्रमाण कैसे पता चलता है ?**

**(ङ) राष्ट्र की उन्नति में नागरिक कैसे योगदान दे सकते हैं ?**

**(च) 'हाथ-पैर हिलाने पर ही कुछ पाया जा सकता है ।' इस पंक्ति के माध्यम से लेखक क्या प्रेरणा देना चाहता है ?**

**(छ) 'आलसी' और 'अवनति' शब्दों के लिए विलोम शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए।**

**(ज) 'स'- उपसर्ग से बने दो शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए।**

**(झ) 'धरती' शब्द के लिए दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

**(ञ) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।**

## खंड – ख (व्याकरण)

**प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए –** **(4)**

(क) कृपया करके मेरे को भी ले चलो।
(ख) आपने झूठ क्यों बोले ?
(ग) विद्यालय शुक्रवार के दिन बंद होते हैं।
(घ) उधर कौन खड़ी है।

**प्रश्न 3. निर्देशानुसार 'अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद' पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(i) यात्री पेड़ के नीचे लेटकर आराम कर रहा था। अर्थ के आधार पर यह वाक्य का कौन- सा भेद है ? **(1)**

(क) निषेधात्मक वाक्य
(ख) संकेतवाचक वाक्य
(ग) विधानवाचक वाक्य
(घ) संदेहवाचक वाक्य

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में से प्रश्नवाचक वाक्य वाला विकल्प कौन- सा है ? **(1)**

(क) सवेरा होते ही पक्षी कलरव करने लगे।
(ख) यह वायुयान दुबई कब तक पहुँचा देगा?
(ग) उत्तर की ओर पहाड़ पर बरफ़ नहीं थी।
(घ) अरे! यह चित्र तुमने बनाया है।

(iii)'धोबी कपड़े धो रहा है।' इस वाक्य का आज्ञार्थक रूप वाला वाक्य कौन- सा है ? **(1)**

(क) धोबी कपड़े धो रहा होगा।
(ख) धोबी ने कपड़े धोए।
(ग) क्या धोबी कपड़े ढ़ो रहा है?
(घ) धोबी कपड़े धोओ।

(iv) 'मैं चाहता हूँ कि तुम एक गीत गाओ।' इस वाक्य का संकेतवाचक रूप वाला वाक्य कौन- सा है ? **(1)**

(क) वाह! तुम बहुत अच्छा गीत गाते हो।
(ख) तुम एक गीत मत गाओ।
(ग) तुम गीत क्यों नहीं गाते हो ?
(घ) यदि अनुमति मिलेगी तो तुम एक गीत गाओ।

**प्रश्न 4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(i)'नौकर से गिलास टूट गया।' वाच्य का कौन– सा भेद है ? **(1)**

(क) कर्तृवाच्य
(ख) कर्मवाच्य
(ग) भाववाच्य
(घ) इनमें से कोई नहीं।

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में से कर्तृवाच्य वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। **(1)**

(क) पहलवान से दौड़ा नहीं जाता।
(ख) पत्र भेज दिया गया है।
(ग) हमारे द्वारा चित्र बनाया गया।
(घ) कवि ने कविता पाठ किया।

(iii)'छात्र बगीचे में पौधे लगा रहे हैं।' इस वाक्य का अकर्तृवाच्य रूप वाला वाक्य कौन- सा है ? **(1)**

(क) छात्र बगीचे में पौधा लगा रहा है।
(ख) छात्रों द्वारा बगीचे में पौधे लग रहे हैं।
(ग) छात्रों द्वारा बगीचे में पौधे लगाए जा रहे हैं।
(घ) छात्र से बगीचे में पौधा लगाया जाता है।

(iv)'अमित से दौड़ा नहीं जाता।' इस वाक्य का कर्तृवाच्य रूप वाला वाक्य कौन- सा है ? **(1)**

(क) अमित द्वारा दौड़ा नहीं जाता।
(ख) अमित दौड़ नहीं सकता।
(ग) अमित दौड़ नहीं जाता।
(घ) अमित दौड़ा नहीं सकता।

प्रश्न 5. निर्देशानुसार 'लिंग' पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) विद्यार्थियों को ---------या---------पढ़ाती हैं। रिक्त स्थान की पूर्ति उचित लिंग के जोड़े से कीजिए। (1)

(क) शिक्षिका, शिक्षक
(ग) आध्यापिका, अध्यापक
(ख) गुरुआइन, गुरु
(घ) अध्यापक, अध्यापिका

(ii) 'वह बुद्धिमान है।' इस वाक्य का स्त्रीलिंग रूप कौन-सा होगा ? (1)

(क) यह बुद्धिमान है।
(ग) वे बुद्धिमान हैं।
(ख) वह बुद्धिमती है।
(घ) वे बुद्धिमती हैं।

(iii) पुल्लिंग शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) खिड़की
(ग) चाय
(ख) दीवार
(घ) दूध

(iv) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :- (1)

| | पुल्लिंग | | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|
| i | ग्वाला | i | पंडिताइन |
| ii | क्षत्रिय | ii | विदुषी |
| iii | पंडित | iii | ग्वालिन |
| iv | विद्वान | iv | क्षत्राणी |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन से सही सुम्मेलित हैं ?

(क) iii और i
(ग) iv और iv
(ख) ii और iii
(घ) i और ii

प्रश्न 6. निर्देशानुसार 'वचन' पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) 'गुलाब के पौधे पर कली खिल गई।' रेखांकित पद का बहुवचन रूप वाला वाक्य कौन–सा होगा। (1)

(क) गुलाब के पौधे पर कलियों खिल गई।
(ग) गुलाब के पौधे पर कलियाँ खिल गईं।
(ख) गुलाब के पौधों पर कली खिल गई।
(घ) गुलाब के पौधों पर कली खिल गईं।

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में से एकवचन रूप वाला वाक्य विकल्पों में से छाँटकर लिखिए । (1)

(क) पक्षी उड़ गए।
(ग) उन्होंने फूल मालाएँ बनाईं।
(ख) शिक्षिकाएँ अपनी कक्षाओं में गई हैं।
(घ) घड़े में पानी भर गया है।

(iii) निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द का प्रयोग सदैव एकवचन में होता है ? (1)

(क) दया
(ग) आँसू
(ख) दर्शन
(घ) केश

(iv) वहाँ सब ------ बिखरी पड़ी थीं। रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। (1)

(क) खिलौने (ग) वस्तुएँ

(ख) तबले (घ) पानी

## खंड – ग (साहित्य)

प्रश्न 7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (8)

हम पाँच मित्रों ने तय किया कि शाम चार बजे की बस से चलें। पन्ना से इसी कंपनी की बस सतना के लिए घंटे भर बाद मिलती है जो जबलपुर की ट्रेन मिला देती है। सुबह घर पहुँच जाएँगे। हम में से दो को सुबह काम पर हाज़िर होना था इसीलिए वापसी का यही रास्ता अपनाना ज़रूरी था। लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफ़र नहीं करते। क्या रास्ते में डाकू मिलते हैं ? नहीं, बस डाकिन है। बस को देखा तो श्रद्धा उमड़ पड़ी। खूब वयोवृद्ध थी। सदियों के अनुभव के निशान लिए हुए थी। लोग इसलिए इससे सफ़र नहीं करना चाहते कि वृद्धावस्था में इसे कष्ट होगा। यह बस पूजा के योग्य थी। उस पर सवार कैसे हुआ जा सकता है !

प्रश्न

(i) उपर्युक्त पाठ का नाम और लेखक का नाम लिखिए।

(ii) लेखक और उनके मित्रों को कहाँ की ट्रेन पकड़नी थी ?

(iii) लेखक और उनके मित्रों को किस बात की जल्दी थी ?

(iv) लोगों ने लेखक को क्या सलाह दी ?

(v) सतना पहुँचने के लिए बस कितने समय बाद मिलती थी ?

(vi) लेखक के मन में बस को देखकर कैसा भाव उमड़ पड़ा ?

(vii) लेखक ने बस की तुलना किसके साथ की थी ?

(viii) निम्नलिखित कथन(A) – कारण(R) को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए।

कथन (A) : लोग इस बस से सफ़र करना नहीं चाहते थे।
कारण (R) : इस बस से सफ़र करने से यात्रियों का सुख –चैन लुट जाता था।
(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं। कारण(R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) गलत है कारण(R) सही है।

प्रश्न 8 . निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- (5)

(क) गंतव्य (ख) सौरभ (ग) आलम (घ) बियाबान (ङ) उजागर

प्रश्न 9. निम्नलिखित मुहावरों एवं शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए:- (5)

(क) जान हथेली पर रखकर (ख) चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना (ग) हस्ती (घ) भाप (ङ) रोज़गार

प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :- (5X2=10)

(क) लेखक का मन समाचार-पत्रों को पढ़कर क्यों बैठ जाता था ?

(ख)'भगवान के डाकिए' कविता से हमें क्या संदेश मिलता है ?

(ग) कवि ने दुनिया को भिखमंगा क्यों कहा है ?

(घ) यात्रियों ने ड्राइवर के साथ क्या किया ?

(ङ) पक्षी और बादलों द्वारा लाई गई चिट्ठियों को कौन पढ़ पाता है ?

(च)'दीवानों की हस्ती' कविता के आधार पर कवि की विशेषताएँ लिखिए।

(छ) बस की हालत का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए :- (4X3=12)

(क) लेखक के मन में हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा क्यों जग गई ?

(ख) कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) दोषों का पर्दाफ़ाश करना कब बुरा रूप ले सकता है ?

(घ) टिकट बाबू के चेहरे पर संतोष की गरिमा क्यों थी ?

(ङ) 'एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है।'- कथन का भाव स्पष्ट कीजिए।

(च) 'दीवानों की हस्ती' कविता में कवि किन बंधनों को तोड़ने की बात कर रहा है ? और वह जग को अपना क्या योगदान देना चाहता है ?

## खंड-घ (लेखन)

प्रश्न 12. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : (5)

(क) मेरे सपनों का भारत (ख) जीवन में खेल–कूद का महत्त्व (ग) शिक्षक दिवस

प्रश्न 13. (i) आपका मित्र ओलंपियाड की परीक्षा में प्रथम आया है। उसे बधाई देते हुए पत्र लिखिए। (5)

अथवा

(ii) आपके द्वारा की गई सुखद यात्रा का वर्णन करते हुए अपनी बहन को पत्र लिखिए।

********